राजस्थान सरकार
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग
(अनुभाग–3, नरेगा)

क्रमांक 5(3) ग्रावि / नरेगा / रा.कैम्प / 2010 जयपुर, दिनांकः–

26 OCT 2010

जिला कलेक्टर एंव जिला कार्यक्रम समन्वयक,
राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम राजस्थान,
समस्त राजस्थान।

विषयः प्रशासन गांवों के संग अभियान–2010

महोदय

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय के निर्देशानुसार राज्य में 10 नवम्बर, 2010 से 31 दिसम्बर, 2010 तक प्रशासन गांवों के संग अभियान–2010 आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस अभियान में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत निम्न बिन्दुओं को दृष्टीगत रखते हुए कार्यवाही की जानी है :–

1. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत विलम्ब / बकाया भुगतान के प्रकरणों की पहचान कर कैम्प से पूर्व भुगतान सुनिश्चित करना।
2. योजनान्तर्गत अनुमत एवं वर्तमान में प्रगतिरत कार्यो की जानकारी देना।
3. योजनान्तर्गत वर्ष 2011–12 की वार्षिक कार्य योजना के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराना।
4. योजनान्तर्गत स्वीकृत व्यक्तिगत लाभ के कार्यो के चयन की प्रकिया की जानकारी उपलब्ध कराना।
5. वर्ष 2009–10 एवं वर्ष 2010–11 में अब तक श्रम व सामग्री मद में किये गये व्यय की सूचना उपलब्ध कराना।
6. बकाया उपयोगिता प्रमाण पत्र को प्राप्त करना।

भवदीय,

21/10/10

(तन्मय कुमार)
आयुक्त एवं शासन सचिव, ईजीएस